ई–मेल

प्रेषक,

सचिव,
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद,
रामनगर (नैनीताल)।

सेवा में,

समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारी
उत्तराखण्ड।

पत्रांकः उ0वि0शि0प0 / सि0सेल / आन0पोर्टल / 11837-40 / 2021–22 दिनांक 07 मार्च, 2022

**विषयः** **हाईस्कूल परिषदीय परीक्षा वर्ष 2022 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के प्रयोगात्मक तथा आन्तरिक मूल्यांकन वाले विषयों के प्राप्तांकों का संग्रहण ऑनलाइन–पोर्टल के माध्यम से किये जाने विषयक।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपको अवगत कराना है कि हाईस्कूल परिषदीय परीक्षा वर्ष 2022 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के प्रयोगात्मक तथा आन्तरिक मूल्यांकन वाले विषयों के प्राप्तांकों का संग्रहण ऑनलाइन–पोर्टल के माध्यम से किया जाना है। विद्यालयों को प्रयोगात्मक तथा आन्तरिक मूल्यांकन वाले विषयों के ओ0एम0आर0 एवं सी0सी0–16 ई–पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध कराये जा रहे हैं।

ऑनलाइन पोर्टल को सफलतापूर्वक संचालित करने तथा इसकी विधाओं और कार्यक्षमता का उपयोग करने के लिए प्रधानाचार्यों को अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करेंगे। प्राप्तांकों की सफलता पूर्वक प्रविष्टि हेतु पोर्टल दिनांक 08–03–2022 प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 21–03–2022 की मध्य रात्रि तक खुला रहेगा।

## <u>प्रधानाचार्यों हेतु निर्देश</u>

हाईस्कूल परिषदीय परीक्षा वर्ष 2022 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के प्रयोगात्मक तथा आन्तरिक मूल्यांकन के प्राप्तांकों को ऑनलाइन संग्रहण करने हेतु परिषद् की वैबसाइट **www.ubse.uk.gov.in** के Board Examination आइकन पर लिंक https://bit.ly/3pZQE9q पर जायें। ऑनलाइन प्राप्तांकों के संग्रहण करने हेतु चरणवार ई–पोर्टल दिनांक 08–03–2022 से दिनांक 21–03–2022 के मध्य रात्रि तक खुला रहेगा। **प्राप्तांकों को ऑनलाइन संग्रहण करने हेतु निम्नांकित तथ्यों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होगी–**

इस हेतु आपके द्वारा पूर्व में बनाये गये यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड यथावत् उपयोग में लाये जायेंगे। ई0बी0–234 में विषयवार प्राप्तांकों को अंकित करने के उपरान्त ही पोर्टल पर प्राप्तांकों को सावधानीपूर्वक प्रविष्टि करें। ऑनलाइन पोर्टल केवल **Desktop/Laptop** पर ही खोलें। इस हेतु निम्नवत् प्रक्रिया का पालन करें–

**Step 1:** लिंक https://bit.ly/3pZQE9q पर जाकर अपने विद्यालय की यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड अंकित करें।

**Step 2:** पेज पर **"Internal/Practical Marks Entry" Button** पर **Click** करें।

**Step 3:** **"Subject"** का चयन **(Select)** करें।. **"Search" Button** पर **Click** करें।

**Step 4:** **a.** दिये गये निर्देशों को ध्यान से पढें। निर्देश पढ़ने के उपरान्त परीक्षार्थी के प्राप्तांकों की अंकना **Obtained Marks** कॉलम में करें। यदि किसी परीक्षार्थी के प्राप्तांक शून्य (0) हों तो **ZERO** अंकित / चयन **(Select)** करें। यदि कोई परीक्षार्थी परीक्षा में अनुपस्थित हो तो **Absent** अंकित / चयन **(Select)** करें। यदि किसी परीक्षार्थी का विषय न हो **Subject Change** अंकित / चयन **(Select)** करें।

**b.** यदि किसी परीक्षार्थी का अनुक्रमांक विषय में अंकित न हो तो **"Add Student through CC-16" Button** पर **Click** करें। डिस्प्ले पेज पर परीक्षार्थी का अनुक्रमांक **(Roll Number),** विषय **(Subject)** एवं प्राप्तांक **(Obtained Marks)** अंकित / चयन **(Select)** कर **Add CC-16" Button** पर **Click** करें। इस प्रक्रिया से परीक्षार्थी का अनुक्रमांक विषय में जुड़ जायेगा।

उदाहरणार्थ यदि किसी परीक्षार्थी का अनुक्रमांक गणित विषय में प्रदर्शित हो रहा है किन्तु उसका विषय गृह विज्ञान है। ऐसी स्थिति में सर्व प्रथम उक्तवत **a** बिन्दु में अंकित प्रक्रिया का पालन करते हुये गणित विषय में **Subject Change** अंकित / चयन **(Select)** करना होगा। और उसके उपरांत गृह विज्ञान विषय में जाकर **"Add Student through CC-16" Button** पर

**Click** करें। उक्तवत **b** बिन्दु में अंकित प्रक्रिया का पालन करते डिस्प्ले पेज पर परीक्षार्थी का अनुक्रमांक **(Roll Number),** विषय **(Subject)** एवं प्राप्तांक **(Obtained Marks)** अंकित/चयन **(Select)** कर **Add CC-16" Button** पर **Click** करें। इस प्रक्रिया से परीक्षार्थी का अनुक्रमांक गृह विज्ञान विषय में जुड़ जायेगा।

**Step 5:** **Step 4** के अनुसार विषय में छात्रों के प्राप्तांकों की अंकना पूर्ण करने के उपरान्त **"Cross Check Print"** पर **Click** करें। पेज खुलने पर छात्रों के प्राप्तांकों की जाँच कर लें । जाँच हेतु **"Print" Button पर Click** कर प्रिन्ट भी प्राप्त कर सकते हैं। यदि कोई त्रुटि हो तो पुनः **Step 4** के अनुसार सम्बन्धित पेज पर जा कर उसे सही कर दें।

**पूर्णतः संतुष्ट होने के उपरान्त "Final Print" Button पर Click कर प्रिन्ट प्राप्त कर लें। ध्यान रहे एक बार "Final Print" Button पर Click करने के उपरान्त किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं होगा।**

**Step 6:** सभी विषयों के विषय में परीक्षार्थियों के प्राप्तांकों की अंकना पूर्ण करने के उपरान्त यदि विद्यालय स्तर पर परीक्षार्थियों के विषय परिवर्तित किये गये हों तो **"Download/Print CC-16 Form"** पर **Click** करें। पेज खुलने पर उन सभी परीक्षार्थियों के अनुक्रमांक, विषय एवं प्राप्तांकों की संकलित सूची प्राप्त होगी, इसकी जाँच कर लें। जाँच मे संतुष्ट होने के उपरांत **"Final Print" Button पर Click** कर प्रिन्ट प्राप्त कर लें।

प्राप्तांकों की ऑनलाइन प्रविष्टि करने के उपरान्त प्रत्येक विषय के **Final Print out** की हार्ड कॉपी, ई0बी0–234, आई0बी0–88 एवं संकलित सीसी– 16, में विषय अध्यापक, परीक्षा प्रभारी एवं प्रधानाचार्य के हस्ताक्षर कर इन्हें **अपने खण्ड शिक्षा कार्यालय में दिनांक 25 मार्च, 2022 तक जमा करना सुनिश्चित करें।**

किसी भी प्रकार की पृच्छा के लिए पोर्टल के मुख्य पेज में प्रदर्शित किये जा रहे **Whatsapp No.** पर केवल **Message** के माध्यम से सम्पर्क करें। पोर्टल संचालन के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की पृच्छा हेतु उक्तवत् **Whatsapp No.** के अतिरिक्त निम्नवत् मोबाइल नम्बरों पर भी कार्यालय समय प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक सम्पर्क किया जा सकता है–

| | |
|---|---|
| 1– श्री बी0एम0एस0 रावत, अपर सचिव | – 9412110199 |
| 2– श्री सी0 पी0 रतूड़ी, उप सचिव | – 7579246923 |
| 3– श्री एन0के0 जोशी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी | – 9456321422 |
| 4– श्री राजीव रावत, प्रशासनिक अधिकारी | – 7830403040 |
| 5 श्री इन्दु प्रकाश नेगी, प्रशासनिक अधिकारी | – 9411593131 |

**प्रयोगात्मक तथा आन्तरिक मूल्यांकन वाले विषयों के प्राप्तांकों के ऑनलाइन संग्रहण में परीक्षा की गोपनीयता तथा शुचिता का विशेष ध्यान दिया जाय। किसी भी स्थिति में प्राप्तांकों का प्रकटन नहीं किया जायेगा। प्राप्तांकों के प्रकटन तथा परीक्षा की गोपनीयता भंग होने पर सम्बन्धित विद्यालय के प्रधानाचार्य तथा विषयाध्यापक पूर्ण रूपेण उत्तरदायी होंगे।**

**इस सम्बन्ध में यह भी अवगत करना है कि जो विद्यालय परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं वे अपने परीक्षा केन्द्र की नामावलियों का ई–पोर्टल से प्रिन्ट आउट निकालना सुनिश्चित करेंगें।**

भवदीय

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद
रामनगर (नैनीताल)।

पृ0सं0: उ0वि0शि0प0/सिस्टम सेल/डा0प्रो0/ 11857-90 /2021–22 दिनांक उक्तवत्।
प्रतिलिपि: निम्नलिखित की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड, देहरादून।
2. अपर निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, कुमाऊँ/गढ़वाल मण्डल उत्तराखण्ड।
3. समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी उत्तराखण्ड द्वारा मुख्य शिक्षा अधिकारी।
4. समस्त प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक (शासकीय/अशासकीय/मान्यता प्राप्त) द्वारा मुख्य शिक्षा अधिकारी।

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद
रामनगर (नैनीताल)।

System cell All File 2021-2022 letter Letter 2021-22